# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेल्वे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001
jdajodhpur.rajasthan.gov.in वेब साईट http://email:-jdajodhpur@rajasthan.gov.in phone no- 0291.2612066,0291.2656355 गि 0291.261537

क्रमांकः– 1178 दिनांकः– 8/11/19

:: ई–निविदा सूचना संख्याः जोन–पश्चिम 07/2019–20 ::

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेल्वे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदाको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमों के अनुसार मान्य) से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से सिविल कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर प्राधिकरण में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एंव अन्य विभाग में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि का बैंक ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के नाम से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व निम्न विवरण अनुसार प्राधिकरण मे जमा करनी आवश्यक है।

**महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण**

| क्र.सं | विवरण | निविदा की क्र. सं. | दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा फार्म की उपलब्धाता डाउनलोड आरम्भ होने की दिनांक व समय | 1 से 1 | दिनांक 11.11.2019 AM 9.30 बजे से |
| 2 | ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड समाप्त होने की दिनांक व समय | 1 से 1 | दिनांक 21.11.2019 PM 6.00 बजे तक |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 1 से 1 | दिनांक 11.11.2019 AM 9.30 बजे से |
| 4 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 से 1 | दिनांक 21.11.2019 PM 6.00 बजे तक |
| 5 | निविदा शुल्क, धरोहर राशि की मूल प्रति जोन कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 से 1 | दिनांक 22.11.2019 PM 1.30 बजे तक |
| 6 | ऑन लाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक व समय | 1 से 1 | दिनांक 22.11.2019 PM 4.00 बजे |
| 7. | ऑन लाईन वितीय बिड खोलने की दिनांक व समय | 1 से 1 | ई–मेल /एस.एम.एस द्वारा सफल निविदादाताओ को सूचना दी जायेगी। |

**निविदा का विवरण निम्न प्रकार है–**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि(रू.) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | दोष निवारण अवधि | जोन कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौपासनी रोड भटटी की बावडी से जैसलमेर बाई पास तक सडक सुदढीकरण का कार्य | 158.30 लाख | 316600/- | 2000 | 6 माह | 3 वर्ष | पश्चिम |

**निविदा की महत्वपुर्ण शर्ते निम्नानुसार हैः–**

01 निविदा प्रपत्रों को वेबसाइट http://www.eproc.rajsathan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओ में भाग लेने वालें संवेदको को निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाइट http://www.eproc.rajsathan.gov.in पर जमा करानी होगी ।

02 निविदा की प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।

03 निविदा हेतु पात्र संवेदको की श्रेणी :–

| | |
|---|---|
| किसी भी सीमा तक | एए श्रेणी, संवेदक |
| रूपये 300.00 लाख तक | ए श्रेणी, संवेदक |
| रूपये 150.00 लाख तक | बी श्रेणी, संवेदक |
| रूपये 50.00 लाख तक | सी श्रेणी, संवेदक |
| रूपये 15.00 लाख तक | डी श्रेणी, संवेदक |

04 निविदा खोलने की तिथी को किसी कारणवंश यदि सम्पूर्ण निविदायें नही खोली जा सकती हैं, तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदायें खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा ।

05 निविदा प्रक्रिया :–

| कार्य | पोटेशियल असेसमेंट | पोस्ट क्वालीफिकेशन |
|---|---|---|
| सडक | 100 लाख से 500 लाख तक | 500 लाख से 2000 लाख तक |
| अन्य निर्माण कार्य | 100 लाख से 200 लाख तक | 200 लाख से 1000 लाख तक |

06 निविदादाता द्वारा निम्नलिखित राशि प्राधिकरण के जोन कार्यालय में निम्न विवरण अनुसार निविदा खोले जाने के समय से पूर्वजरिये डिमांड, ड्राफ्ट/बैंकर चैक से ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम तिथि तथा समय तक जमा करवाना आवश्यक है।

| क्र.सं. | शुल्क वितरण | शुल्क | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क | उपरोक्तानुसार | डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 2. | धरोहर राशि | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत | डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/ बैंकर चैक | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 3. | ई–टेण्डरिग प्रक्रिया शुल्क | 50 लाख तक 500/–<br>50 लाख से ऊपर 1000/– | डिमाण्ड ड्रॉफ्ट/ बैंकर चैक | MD RISL, JAIPUR |

07 प्रदत दरें निविदा खोलने की दिनाकं से 50 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (Valid) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संषोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है, तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी

08 यदि संवेदक के नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नी) कार्य से संम्बंधित जोन अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो, तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

09 राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नही कर सकेगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉं से सेवाये लेने से पहले अनुमति नही ली है, तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा ।

10 निविदादाता को निविदा भरते समय साथ मे निविदा शुल्क, धरोहर राशि, ई–टेण्डरिंग शुल्क Enllistment व Tax Clearance Certificate/GST की प्रति को स्केन कर लगाना अनिवार्य है।

11 प्राधिकरण के कार्यालय आदेश क्रमांक जेडीए/डीई/17–18/4461–4476 दिनांक 15.11.2017 के अनुसार न्यूनतम दर से अंतर राशि के समकक्ष परफोरमेन्स सिक्यूरिटी राशि जमा कराने के पश्चात् ही स्वीकृत निविदा का कार्यादेश दिया जायेगा।

12 किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा। RPWA 100 की समस्त शर्ते उस सीमा तक मान्य/लागु होगी जिस सीमा तक के राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के विरोध मे नही हो।

13 वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ 1(1)एफ.डी./जी.एफ. एण्ड ए.आर./2007 दिनांक 30.09.2011 (सर्कुलर नं. 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रूपये तक की राशि के कार्यो के लिए 500/– व 50.00 लाख रूपये से अधिक राशि के कार्यो के लिए 1000/– रू. की राशि निविदा शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी जो डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक के रूप में देय होगी। यह डिमाण्ड ड्राफ्ट यो बैंकर चैक मैनेजिंग डायरेक्ट, आर.आई.एस.एल.के पक्ष में व जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिये।

14 नेगोशिएशन की आवश्यकता होने पर ई–मेल व पत्र द्वारा डाक से सूचित किया जायेगा।

15 निविदा शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है :–

| | |
|---|---|
| 50 लाख से कम अनुमानित लागत | रूपये 500 |
| 50 लाख से 150 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 1000 |
| 150 लाख से 400 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 2000 |
| 400 लाख से अधिक अनुमानित लागत | रूपये 5000 |

16 ई–टेडरिंग के लिए निविदादाता हेतु निर्देश :–

• इन निविदाओ मे दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रो का इन्टरनेट साईट http://www.eproc.rajsathan.gov.in देख/डाउनलोड कर सकते है।

• निविदाओ मे भाग लेने वाले निविदादाताओ को इन्टरनेट सार्डट http://www.eproc.rajsathan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाईन निविदा मे भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट है। इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा मे साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओ के पास पूर्व मे वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है तो नया डिजिटल लेने की आवश्यकता नही है।

• निविदादाताओ को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट मे उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करनाहोगा। जिसका प्रस्ताव अकेले
भौतिक फॉर्म मे स्वीकार्य नही होगा।

• इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रो से संबंधित सभी आवश्क दस्तावेजो की
स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रो के साथ अटेच कर दी गयी है।

• कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने मे किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।

• टेण्डर के प्रपत्रो मे आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करे।

17. निविदाये राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है। उपर अंकित समस्त प्रावधान/बंधन उस सीमा तक ही लागु होंगे जिस सीमा तक दे उस बिन्दु मे उल्लेखित अधिनियम एंव नियमों कि विकल्प नही हों।

18. निविदा के साथ अनुगनक परिशिष्ट A से D बिन्दु के भाग है, जिसकी पूर्ति अनिवार्य है।

19. प्राधिकरण के कार्यालय आदेश क्रमाकः– जो.वि.प्रा./अ.अ./दक्षिण/18–19/673–678 दिनांक 23.5.2018 के अनुसार नवीन सड़क/मरम्मत/पेच रिपेयर आदि कार्य के लिए मूल संवेदक के पास स्वयं का Bitumin Hot mix Plant (As per IRC - 27) Annex-A होने का प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड करना आवश्यक है।

**अधिशाषी अभियंता (जोन पश्चिम)**
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर
दिनांक :–

कमांक :–

**प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. निदेशक अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5. निदेशक वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. मुख्य लेखाधिकारी, प्रथम/द्वितीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
7. सहायक लेखाधिकारी (प्रथम, द्वितीय, तृतीय), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
8. अधिशाषी अभियंता जोन– पूर्व/पश्चिम/दक्षिण/उतर/मुख्यालय/आर.ओ.बी/विद्युत/पी.एच.ई., जोधपुर विकास प्राधिककरण, जोधपुर।
9. कैशियर/नोटिस बोर्ड।
11. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा का प्रकाशन http://www.eproc.rajsathan.gov.in,www.jodhpurjda.org एवं www.sppp.raj.nic.in की वेबसाईड पर तुरन्त प्रदर्शित (Up Load) करे तथा जी शेडयुल अपलोड होने के पश्चात टेण्डर आई.डी अधोहस्ताक्षरकर्ता को उपलब्ध करावे।
12. ठेकेदार संघ, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर/जोधपुर ठेकेदार संघ/ऑल राजस्थान कान्ट्रेक्टर ऐसोसियेशन/ठेकेदार संघ सिविल जेडीए/पीडब्ल्युडी ठेकेदार संघ/...................... ।

**अधिशाषी अभियंता (जोन पश्चिम)**
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर